# ISWK SHARING KNOWLEDGE

## Class X

## Subject- Hindi Second Language

## हिंदी व्याकरण

## पदबंध

- By-Kailash Patro

©ISWK

# पदबंध

→ पदबंध का शाब्दिक अर्थ है – पदों में बँधा हुआ।

→

जैसे → गरजने वाले बादल बरसते नहीं हैं ।

कई पदों के योग से बने वाक्यांश को, जो एक ही पद का काम करता है, पदबंध कहते हैं |

# पदबंध के भेद

- संज्ञा पदबंध
- सर्वनाम पदबंध
- विशेषण पदबंध
- क्रिया पदबंध
- क्रिया विशेषण पदबंध

# संज्ञा पदबंध

किसी भी वाक्य में संज्ञा के रूप में प्रयुक्त होने वाले पदबंध संज्ञा पदबंध कहलाते हैं |


उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में शिक्षा का प्रसार बहुत अधिक है।

परिश्रम करने वाले विद्यार्थी सदा सफल होते हैं ।



# सर्वनाम पदबंध

किसी भी वाक्य में जब एक से अधिक पद मिलकर सर्वनाम का काम करते हैं, तब वे सर्वनाम पदबंध कहलाते हैं |



हमेशा स्नेह बरसाने वाले आप आज क्रुद्ध क्यों हैं ?

शैतानी में अव्वल तुम सदैव लोगों को परेशान करते रहते हो ।



# विशेषण पदबंध

विशेषण पदबंध संज्ञा पदबंध के अंग होते हैं | संज्ञा पदबंध के अंतिम संज्ञा पद की विशेषता प्रकट करते हैं, संज्ञा पद के साथ विशेषण – पदबंध का विशेषण विशेष्य संबंध होता है |



जैसे – अब महात्मा गाँधी जैसा नेता मिलना कठिन है |

भाग्य के सहारे जीने वाला आदमी कभी सुखी नहीं हो सकता |



# क्रिया पदबंध

जब वाक्य में प्रयुक्त अनेक क्रियापद मिलकर एक भाषिक इकाई का निर्माण करते हैं और वाक्य में एक क्रिया का काम करते हैं, तब उसे क्रिया पदबंध कहते हैं।



दीदी की गोद में बच्चा हँसता चला जा रहा था।



तरुण अब तक दिल्ली पहुँच चुका होगा।

# क्रिया-विशेषण पदबंध

किसी भी वाक्य में क्रिया – विशेषण का कार्य करने वाले पदबंध क्रिया-विशेषण पदबंध कहलाते हैं |

→ कुत्ते को देखकर गोलू बहुत तेज़ी से दौड़ने लगा ।



→ तोता पिंजरे के अंदर बैठा है |



# अभ्यास प्रश्न

लड़का मैदान में क्रिकेट <u>खेल रहा है</u> |
उपर्युक्त वाक्य में रेखांकित पदबंध का सही भेद बताइए -

(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध

(ग) क्रिया पदबंध (घ) विशेषण पदबंध

उत्तर → (ग) क्रिया पदबंध



मुम्बई से आए डॉक्टरों में कुछ अच्छे डॉक्टर हैं।
उपर्युक्त रेखांकित पदबंध का सही भेद बताइए -

(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध

(ग) क्रिया पदबंध (घ) विशेषण पदबंध

उत्तर → (ख) सर्वनाम पदबंध



माँ ने <u>देर रात तक</u> तुम्हारी प्रतीक्षा की।
उपर्युक्त वाक्य में रेखांकित पदबंध का सही भेद बताइए -

(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) क्रिया पदबंध (घ) क्रिया विशेषण पदबंध

उत्तर → (घ) क्रिया विशेषण पदबंध



निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पदबंध का नाम लिखिए:
<u>पटना से आया शेखर</u> घूमने गया है ।

(क) संज्ञा पदबंध

(ख) सर्वनाम पदबंध

(ग) क्रिया पदबंध

(घ) विशेषण पदबंध


उत्तर → (क) संज्ञा पदबंध



निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पदबंध का नाम लिखिए:
<u>तुम जैसा चरित्रवान</u> व्यक्ति मिलना कठिन है ।

(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) क्रिया पदबंध (घ) विशेषण पदबंध

उत्तर → (घ) विशेषण पदबंध



निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पदबंध का नाम लिखिए:
<u>लकड़ी के इस बड़े संदूक</u> में किताबें हैं ।

(क) संज्ञा पदबंध

(ख) सर्वनाम पदबंध

(ग) क्रिया पदबंध

(घ) विशेषण पदबंध

(क) संज्ञा पदबंध



निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पदबंध का नाम लिखिए:

<u>रोज़ वक़्त पर आने वाले आप</u> आज लेट कैसे हो गए ?

(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध

(ग) क्रिया पदबंध (घ) विशेषण पदबंध

(ख) सर्वनाम पदबंध



## निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पदबंध का नाम लिखिए:

ऋषि कपूर ने सभी फ़िल्मों में <u>बड़े उत्साहपूर्वक</u> काम किया l

**(क) संज्ञा पदबंध** **(ख) सर्वनाम पदबंध**

**(ग) क्रिया पदबंध** **(घ) क्रिया विशेषण पदबंध**

**(घ) क्रिया विशेषण पदबंध**




## निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पदबंध का नाम लिखिए:

सिपाही किले के चारों ओर <u>पहरा देते रहते हैं</u> ।

**(क) संज्ञा पदबंध** **(ख) सर्वनाम पदबंध**

**(ग) क्रिया पदबंध** **(घ) क्रिया विशेषण पदबंध**

**(ग) क्रिया पदबंध**



निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पदबंध का नाम लिखिए:

<u>मुसीबत में काम आने वाला</u> मित्र ही सच्चा मित्र होता है ।

(क) संज्ञा पदबंध

(ख) सर्वनाम पदबंध

(ग) क्रिया पदबंध

(घ) विशेषण पदबंध

(घ) विशेषण पदबंध



निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पदबंध का नाम लिखिए:

नदी <u>कलकल करती हुई</u> बह रही है ।

(क) संज्ञा पदबंध

(ख) सर्वनाम पदबंध

(ग) क्रिया पदबंध

(घ) क्रिया विशेषण पदबंध

(घ) क्रिया विशेषण पदबंध



निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पदबंध का नाम लिखिए:

<u>विदेश से आए मेहमानों में से कुछ</u> शाकाहारी हैं ।

(क) संज्ञा पदबंध

(ख) सर्वनाम पदबंध

(ग) क्रिया पदबंध

(घ) क्रिया विशेषण पदबंध

(ख) सर्वनाम पदबंध



निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पदबंध का नाम लिखिए:

मैं कभी-कभी धार्मिक स्थानों पर चला जाया करता हूँ ।

(क) संज्ञा पदबंध

(ख) सर्वनाम पदबंध

(ग) क्रिया पदबंध

(घ) क्रिया विशेषण पदबंध

(ग) क्रिया पदबंध



निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पदबंध का नाम लिखिए:

परिश्रम करने वाले छात्र अवश्य सफल होते हैं ।

(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध

(ग) क्रिया पदबंध (घ) विशेषण पदबंध

(घ) विशेषण पदबंध



निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पदबंध का नाम लिखिए:

रेस का घोड़ा बहुत तेज़ी से दौड़ा ।

(क) संज्ञा पदबंध

(ख) सर्वनाम पदबंध

(ग) क्रिया पदबंध

(घ) क्रियाविशेषण पदबंध

(घ) क्रियाविशेषण पदबंध



**निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पदबंध का नाम लिखिए:**

वह अपने भाषण में लगातार <u>बोलती चली जा रही थी</u> ।

**(क) संज्ञा पदबंध** **(ख) सर्वनाम पदबंध**

**(ग) क्रिया पदबंध** **(घ) विशेषण पदबंध**

**(ग) क्रिया पदबंध**



निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पदबंध का नाम लिखिए:

<u>सड़क के किनारे लगा</u> वृक्ष आँधी आने पर गिर पड़ा ।

(क) संज्ञा पदबंध

(ख) सर्वनाम पदबंध

(ग) क्रिया पदबंध

(घ) विशेषण पदबंध

(घ) विशेषण पदबंध



निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पदबंध का नाम लिखिए:

<u>तक़दीर का मारा मैं</u> कहाँ आ पहुँचा !

(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध

(ग) क्रिया पदबंध (घ) विशेषण पदबंध

(ख) सर्वनाम पदबंध



**निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पदबंध का नाम लिखिए:**

<u>बाग़ में खिले लाल गुलाब</u> मन को भा जाते हैं ।

**(क) संज्ञा पदबंध** **(ख) सर्वनाम पदबंध**

**(ग) क्रिया पदबंध** **(घ) विशेषण पदबंध**

**(क) संज्ञा पदबंध**

